## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 03.09.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री उमेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी चरखारी, जनपद महोबा के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 राजेश कुमारद्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्त 1. बृजेन्द्र पुत्र स्वामीप्रसाद उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को सम्बधित केश न0 2380/20 अ0स 570ए/09 धारा 147/323/504/506 भादवि में एंव 2. राधे अहिरवार पुत्र नाथूराम पुत्र लालदीवान यादव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को सम्बन्धित केश न0 134/22.व .अ.सं. 128/21 धारा 13 जुआ अधिनियम में सम्बन्धित न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट के आधार पर नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । बाद गिरफ्तारी आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 राजेश कुमार 2. हे0 का0 ओमप्रकाश

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. बृजेन्द्र पुत्र स्वामीप्रसाद उम्र 50 वर्ष 2.राधे अहिरवार पुत्र नाथूराम पुत्र लालदीवान यादव उम्र 35 वर्ष निवासी गण ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा



# महोबा पुलिस



## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की, की गयी सघन चेकिंग, पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आगामी त्यौहार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी / चेहल्लुम के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा/शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आज दिनांक 03.09.2023 को जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन फ्लैग मार्च/पैदल गश्त की जा रही है ।

पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों/ कस्बों/ बस अड्डा/ सार्वजनिक स्थानों/ प्रमुख चौराहों/ प्रमुख बाजारों/ मन्दिर/ शापिंग मॉल/ प्रमुख मार्गो व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग कर आवश्यक हिदायत दी गयी।जनपद महोबा पुलिस शाति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।यातायात नियमों के उल्लंघन में 75 वाहनों के ई-चालान किये गये।






